UPHIN/2011/39718


(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-158 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 20 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी में 'गो-इकोनॉमी' से आएगी कृषि क्रांति



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



**आईआईटी कानपुर की तकनीक से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव; गोशालाएं बनेंगी बिजनेस हब**

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में गो-संरक्षण की अवधारणा अब केवल धार्मिक और सामाजिक दायित्वों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह वैज्ञानिक कृषि और ग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार 'गोवंश' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में 'माइक्रो-आंत्रप्रेन्योरशिप' (सूक्ष्म उद्यमिता) का एक क्रांतिकारी मॉडल विकसित कर रही है। इस मुहिम को धरातल पर उतारने के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी कानपुर की उन्नत तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इस अनूठी पहल के जरिए यूपी की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बिजनेस हब के रूप में बदला जाएगा, जो न केवल जैविक खेती को बढ़ावा देंगी बल्कि देश को टिकाऊ विकास की एक नई दिशा भी दिखाएंगी।

खेती को रसायनों से मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए आईआईटी कानपुर के बायोलॉजिकल साइंसेज एंड बायोइंजीनियरिंग विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। विभाग के प्रोफेसर डॉ अमिताभ बंद्योपाध्याय के मार्गदर्शन में पीएचडी स्कॉलर अक्षय श्रीवास्तव ने गोबर और गोमूत्र पर आधारित एक उन्नत ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तकनीक विकसित की है। इस वैज्ञानिक विधि से तैयार होने वाला जैविक उर्वरक पूरी तरह प्राकृतिक होगा, जो मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाएगा। इस तकनीक के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल से किसानों की रासायनिक खादों (जैसे यूरिया और डीएपी) पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। योगी सरकार इस वैज्ञानिक तकनीक को सीधे ग्रामीण आबादी के आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने जा रही है। योजना के तहत गांवों में 'माइक्रो-आंत्रप्रेन्योरशिप मॉडल' लागू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत ग्रामीण युवाओं, प्रगतिशील किसानों और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को छोटे स्तर पर फर्टिलाइजर निर्माण यूनिट्स से जोड़ा जाएगा। गोशालाओं के क्लस्टर बनाकर वहां स्थानीय स्तर पर ही खाद का उत्पादन और पैकेजिंग की जाएगी। इससे जहां एक तरफ गांवों में बड़े पैमाने पर स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं दूसरी तरफ 'देश का पैसा देश में और गांव का पैसा गांव में' रखने का आर्थिक चक्र मजबूत होगा। इस नए आर्थिक मॉडल से गोशालाओं की आय में सुधार होगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर जैविक खाद उपलब्ध होने से किसानों की परिवहन और खेती की इनपुट लागत में भारी कमी आएगी। गोशालाओं से सीधे किसानों तक पहुंचने वाली यह खाद कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करेगी, जिससे बाजार में किसानों को अपनी फसलों के बेहतर दाम मिल सकेंगे। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, यह मॉडल पारंपरिक गो-पालन और आधुनिक विज्ञान का एक बेहतरीन संगम है। यदि इसे राज्य स्तर पर व्यापक रूप से लागू किया जाता है, तो उत्तर प्रदेश बहुत जल्द देश के भीतर गो-आधारित वैज्ञानिक कृषि और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा हब बनकर उभरेगा। योगी सरकार की यह दूरदर्शी योजना आने वाले समय में न केवल उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलेगी, बल्कि पूरे देश के लिए टिकाऊ और प्रकृति-अनुकूल विकास का एक रोल मॉडल साबित होगी।

# बेहोश कर किया गैंगरेप फिर सिगरेट से जलाया शरीर

## नीट छात्रा ने सुनाई हैवानियत की खौफनाक दास्तां

( यंग भारत न्यूज )

**महोबा।** प्रदेश के महोबा जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. यहां नीट परीक्षा की तैयारी कर रही एक छात्रा का अपहरण कर लिया गया और लगातार 16 दिनों तक उसके साथ गैंगरेप किया गया.

क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए, आरोपियों ने उसे सिगरेट से जलाया और जब उसने विरोध करने की कोशिश की, तो उस पर चाकू से भी हमला किया. जब 16 दिनों के बाद पुलिस ने आखिरकार पीड़िता को बचाया, तो उसकी हालत देखकर हर कोई सन्न रह गया. फिलहाल, पीड़िता को गंभीर हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली यह छात्रा मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए महोबा शहर में रह रही थी. 30 अप्रैल को, जब वह अपने कोचिंग सेंटर से घर लौट रही थी. रास्ते में कार में सवार बदमाशों के एक समूह ने उसे रोक लिया और जबरदस्ती उसका अपहरण कर लिया. इस घटना के बाद से ही छात्रा लापता थी, और उसके परिवार वाले लगातार उसकी तलाश कर रहे थे. 16 दिनों के लंबे और दर्दनाक इंतजार के बाद, पुलिस आखिरकार छात्रा को बचाने में सफल रही. पीड़िता बिस्तर पर डर से कांप रही थी. अपने साथ हुई जिस भयानक आपबीती को सुनाया, उसे सुनकर हर कोई अंदर तक हिल गया. पीड़िता के अनुसार, उसके ही गांव के रहने वाले मोहित श्रीवास ने अपने साथियों अंकित श्रीवास, हल्लू राजपूत और लगभग आधे दर्जन अन्य आरोपियों के साथ मिलकर उसे प्रयागराज में एक जगह बंधक बनाकर रखा था. छात्रा ने आरोप लगाया कि उसे हर दो घंटे में नशीले इंजेक्शन दिए जाते थे, ताकि वह किसी भी तरह का विरोध न कर सके. इस दौरान, मुख्य आरोपी मोहित ने बार-बार उसके साथ दुष्कर्म किया. जब उसने विरोध करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे जलती हुई सिगरेट से दागा और चाकू से भी वार किए. इसके अलावा, आरोपियों ने उसके भाई की तस्वीर दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी, और यहां तक कि जबरदस्ती उसकी मांग में सिंदूर भरकर शादी की रस्म भी पूरी की. अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि दोषियों को मौत की सजा दी जाए. इस घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में जबरदस्त गुस्सा फैल गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए, इस केस को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं. कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेर लिया है. उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर पीड़िता का हालचाल पूछा, जबकि कांग्रेस के प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह ने आरोपियों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने फिलहाल नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे सख्ती से पूछताछ कर रही है.

# मेडिकल कॉलेज में बहन का इलाज कराने गए दो भाइयों को जूनियर डॉक्टरों ने पेशेवर गुंडों की तरह बुरी तरह पीटा

## एफआईआर भी तीमारदार पक्ष और इलाज हेतु आई लड़की तक के खिलाफ करा दी दर्ज जबकि सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा की जोरदार पैरवी के बाबजूद अभी तक नही लिखी गई पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट

- प्रतिष्ठित व्यापारी और भाजपा नेता के परिवार के साथ हुई मारपीट और उल्टी एफआईआर दर्ज हो जाने के विरोध में बुधवार को सुबह 9 बजे व्यापारी बंधु बड़ी संख्या में सिटी सेंटर से निकलेंगे पैदल मार्च और एसपी को उचित कठोर कार्यवाही की मांग रखेंगे
- पर्चा बनवाने को लेकर शुरू हुआ दोनों पक्षों में विवाद
- तीमारदार पक्ष को बड़ी संख्या में आपा खो बैठे जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस के सामने दम से पीटा









( यंग भारत न्यूज )

उरई। उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार देर रात इलाज कराने पहुंचे एक परिवार और जूनियर डॉक्टरों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पूरे परिसर में हंगामा मच गया। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों और स्टाफ ने घायल युवती के परिजनों के साथ मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दे रहा है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित बुजकिशोर गुप्ता अपनी घायल बेटी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार युवती घर में फिसलकर गिर गई थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। आरोप है कि डॉक्टरों ने पहले पर्चा बनवाने की बात कही, जबकि युवती दर्द से तड़प रही थी। परिजनों का कहना है कि पर्चा बनवाने में 15 से 20 मिनट लग रहे थे, इसलिए उन्होंने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू करने की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी दौरान परिजनों ने उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा को फोन कर मामले की जानकारी दी। आरोप है कि विधायक का फोन आने के बाद मेडिकल कॉलेज स्टाफ और जूनियर डॉक्टर नाराज हो गए। घायल युवती के भाई ने पर्चा बनने तक इलाज शुरू करने का अनुरोध किया, लेकिन डॉक्टरों ने बिना पर्चे इलाज से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर डॉक्टरों और स्टाफ ने युवती के भाइयों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, जब बुजकिशोर गुप्ता ने डॉक्टरों से विधायक की बात कराने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया और देर रात तक हंगामा चलता रहा। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि करीब 300 मेडिकल छात्र और डॉक्टर मौके पर जुट गए थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मारपीट में घायल युवक की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल होगी और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अखिलेश यादव के लिये 27 का विधान सभा चुनाव जीवन मरण का प्रश्न

## यादव नेताओं से कहा अभी सत्ता आने तक शांत रहिये

- चुनाव में यादवो को बहुत कम टिकट देने की रणनीति बना चुके हैं अखिलेश
- भाजपा का मुकाबला तभी सम्भव है जब अपनी सोच की सभी जातियों का साथ मिल जाए



( यंग भारत न्यूज )

**अनिल शर्मा +संजय श्रीवास्तव**

**लखनऊ!** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव केलिए वर्ष 2027 का विधान सभा चुनाव जीवन मरण का प्रश्न बन गया है इसलिए उन्होंने आगामी चुनाव की रणनीति बनाते हुए उन्होंने अपने प्रमुख पार्टी नेताओं के साथ लखनऊ के लोहिया ट्रस्ट में गोपनीय बैठक करते हुए अपने आधार वोट बैंक यादव जाति के नेताओं को समझाते हुए कहा की आपको यदि सत्ता पानी है तो टिकट के मामले में धैर्य रखना होगा। उन्होंने कहा जब प्रदेश में क्ष्ह्र की सरकार बन जाएगी तब आप लोगों का ध्यान रखा जायेगा ।अभी हमें पिछड़ी जातियों दलित जातियों और अल्पसंख्यकों के नेताओं को ज्यादा टिकट देने होंगे ।उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों में यादवों के अलावा लोधी राजपूत कुर्मी पटेल समाज निषाद प्रजापति आदि समाज को जो पिछड़ी जातियों की प्रमुख ताकतवर जातियां हैं इन्हें टिकट देना होगा ।इसी तरह दलित समाज की अहिरवार जाटव दोहरे पासी धोबी धानुक बसोर कठेरिया आदि जातियों को भी उनकी जीत सकने वाली सीटों पर टिकट देना होगा ।इसी तरह अल्पसंख्यक समाज बड़ी आशा भरी नजरों से समाजवादी पार्टी की ओर देख रहा है ।यदि हमारा गठबंधन किसी अन्य दलों के साथ बनता है तो भी हमें पर्याप्त मात्रा में अल्पसंख्यकों के जीतने वाली सीटों पर उन्हें टिकट देना ही होगा? उन्होंने कहा की यादव समाज को श्चस्त्रड्ड को सत्ता में लाने के लिये तन मन धन झोंक कर 27 के चुनाव को जीतना ही होगा। क्योंकि भाजपा और संघ बहुत ही चालक और फरेब के साथ चुनाव जीत जाते हैं इस बार हमें श्चस्त्रड्ड के माध्यम से उत्तरप्रदेश में हराना ही होगा

# बाप रे बाप.गिनें या बचकर भागे, धड़ाधड़ एक के बाद एक घर से निकले 25 कोबरा.देख फटी रह गईं आंखें.

( यंग भारत न्यूज )





कुशीनगर के विकास खण्ड कसया के गांव बटेसरा गांव में गुरुवार को उस समय हडकंप मच गया जब घर में ईंट और मिट्टी हटाते समय अचानक सांपों का झुंड दिखाई दिया. घर में मरम्मत के काम के दौरान एक कोबरा सांप दिखाई दिया.

फिर तो सांपों की संख्या बढ़ती ही जा रही थी. एक ही घर में कोबरा नश्ल के 25 सापों के मिलने से ग्रामीणों में अफरातफरी फैल गई. ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। इन सांपों को देखने के लिए गांव वालों की भीड़ जमा हो गई. इतने सारे सांपों के दिखने की सूचना वन विभाग को दी गई. यह घटना शुकुरुल्लाह पुत्र आलमीन के घर की है, जहां घर निर्माण कार्य के दौरान सहीम नामक व्यक्ति को एक विशाल कोबरा सांप दिखाई दिया. उसने और लोगों को आवाज लगाकर बुलाया कि और भी सांप हैं. एक बड़ा सांप था और बाकी के बच्चे थे. घबराए ग्रामीणों ने प्रधान मोहन लाल गुप्ता के जरिए सर्प मित्र शत्रुध्न यादव को सूचना दी. मौके पर पहुंचे स्नैक स्नैचर ने ईंट और मिट्टी हटवाकर एक बड़े कोबरा के साथ 24 नवजात कोबरा सांपों को सुरक्षित बाहर निकाला. सूचना के बाद मौके पर सर्पमित्र पहुंचे और सभी सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया.

**सुरक्षित जंगल में छोड़े गए सर्प**

रेस्क्यू के दौरान यह भी पता चला कि एक बड़ा कोबरा ईंट के नीचे दबकर पहले ही मर चुका था, जबकि बाकी सभी को रेस्क्य कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया. सर्प मित्र ने ग्रामीणों से अपील की कि अगर कहीं सांप दिखे तो उन्हें मारें नहीं.

**कोबरा दुनिया का सबसे जहरीला सांप**

कोबरा दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में से एक है. इसके काटने से 45 मिनट से 1 घंटे में मौत हो सकती है.

# वायरल चैट्स, लापता पति और रसूखदार ससुराल..., प्रेग्नेंट ट्विशा शर्मा की व्हाट्सएप चैट ने खोले कई राज, मां को किया था ये मैसेज



( यंग भारत न्यूज )

भोपाल में हुई ट्विशा शर्मा की मौत ने पूरे मामले को बेहद संवेदनशील और चर्चित बना दिया है. नोएडा की रहने वाली 31 साल की ट्विशा की शादी दिसंबर 2025 में भोपाल के वकील समर्थ सिंह से हुई थी. दोनों की मुलाकात एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी. शादी के कुछ महीनों बाद ही ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस के मुताबिक, 12 मई की रात ट्विशा अपने ससुराल के घर में फंदे से लटकी मिली थीं. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. उस समय ट्विशा करीब दो महीने की गर्भवती भी थी. घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला. मामले ने तब बड़ा मोड़ लिया जब ट्विशा के परिवार ने पति और सास पर दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और शारीरिक हिंसा के आरोप लगाए.

परिवार का कहना है कि शादी के बाद से ही ट्विशा लगातार तनाव में रहने लगी थीं और कई बार उन्होंने घर लौटने की इच्छा जताई थी. इस केस में सामने आए व्हाट्सएप चैट्स ने जांच को और गंभीर बना दिया है. अपनी मां को भेजे मैसेज में ट्विशा ने लिखा था कि उनका 'दम घुट रहा है' और वह बेहद परेशान हैं. कुछ चैट्स में उन्होंने पति पर शक करने और अपमानजनक व्यवहार करने के आरोप भी लगाए थे.ट्विशा की एक आखिरी इंस्टाग्राम चैट भी चर्चा में है, जिसमें उन्होंने अपनी दोस्त से कहा था कि वह 'फंस गई हैं' और सही समय आने पर बात करेंगी, लेकिन वह कॉल कभी नहीं आ सकी. अगले दिन उनकी मौत की खबर सामने आई. परिवार ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर मामले को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है. ट्विशा की सास, जो रिटायर्ड जज हैं, को अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जबकि पति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई. पुलिस ने पति की गिरफ्तारी के लिए इनाम भी घोषित किया है. भोपाल पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का गठन किया है. पुलिस दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा और सबूत मिटाने जैसे पहलुओं की जांच कर रही है. ट्विशा के परिवार ने दूसरी पोस्टमार्टम जांच और कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग भी की है. वहीं, ससुराल पक्ष ने सभी आरोपों को गलत बताया है. कोर्ट में दाखिल याचिका में दावा किया गया कि ट्विशा मानसिक तनाव और नशे से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही थीं. हालांकि, ट्विशा के परिवार ने इन आरोपों को पूरी तरह झूठा बताया है. इस मामले ने सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक बहस छेड़ दी है. लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर शादी के कुछ महीनों बाद ऐसी क्या स्थिति बनी कि एक महिला की जिंदगी खत्म हो गई. अब सभी की नजर पुलिस जांच और आने वाली कानूनी कार्रवाई पर टिकी है.

# दिए गए निर्देशों का समस्त लेखपाल अपने राजस्व संबंधी कार्यों को समय से पूरा करें-मनोज कुमार सिंह

## जिस लेखपाल ने निर्देशों के प्रति लापरवाही की ऐसे लेखपाल की खैर नहीं- अभिनव तिवारी

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी जालौन 19 मई।** तहसीलदार नायव तहसीलदार की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में लेखपालों की साप्ताहिक बैठक आयोजित कर निर्देश दिए। मंगलवार के दिन तहसील कालपी सभागार में आयोजित लेखपाल की साप्ताहिक बैठक पर अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मौजूद लेखपालों के जमकर पेच कसते हुए कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आप लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं फिर भी आप लोग अपनी आदत से बाज नहीं आते यदि इस बैठक पर राजस्व संबंधित जैसे फार्मर रजिस्ट्री खरे की पड़ताल कंप्यूटर में फिडिंग आइजीआरएस तथा अदालत से संबंधित लंबित चल रही फाइलों आदि राजस्व संबंधित कार्यों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मेरे द्वारा दिए गए निर्देशों में कार्य को पूरा करने में सभी लेखपाल खरे उतरने के निर्देश दिए जिस लेखपाल ने कार्यों के प्रति लापरवाही की तो ऐसे लेखपाल को बक्सा नहीं जाएगा हर हाल में दंड पाने को तैयार रहें तहसीलदार अभिनव तिवारी ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि आप लोगों की प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों में आप लोग कभी खरे नहीं उतरते आज की बैठक में एसडीएम के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उन निर्देशों का सत प्रतिशत पालन कर अपनी अपनी जिम्मेदारी में खरे उतरकर दिए गए कार्यों को समय से पूरा कर जांच आख्या सहित तहसील की पटल में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आगे होने वाली साप्ताहिक बैठक पर अपने कार्यों को पूरा कर स्वयं में होने वाली कार्यवाही से बचे बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला राजस्व निरीक्षक कुंवर हरेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक प्रमोद द्विवेदी राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कुमार राजस्व निरीक्षक सुरेश सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह लेखपालों में छविनाथ सिंह पाल शिवमंगल सिंह पाठक विद्यासागर जयपाल सिंह विभा पल्लवी श्रीवास्तव जितेंद्र राजपूत अभिषेक राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

फोटो उप जिलाधिकारी बैठक में निर्देश देते हुए।

# विकास खंड कार्यालय में शीतल शर्बत का किया गया वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की मंगलवार को ही भगवान श्री राम और पवन पुत्र हनुमान जी का पहली बार मिलन हुआ था इसीलिए इस दिन को बड़ा मंगल कहा जाता है इसी को लेकर दिन मंगलवार को नदीगांव रोड स्थित विकासखंड कार्यालय परिषद में खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव की उपस्थिति में शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शीतल शर्बत को आए हुए आगंतुकों को प्रेम पूर्वक पिलाया गया जिससे ज्येष्ठ माह की कड़ी धूप एवं तपन भरी गर्मी में लोगों को राहत मिली इस दौरान वीडियो पंचायत देवी शरण सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव, अकाउंटेंट मनोज श्रीवास्तव, सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर कुसुम निरंजन, वरिष्ठ लिपिक धनपत राजपूत, सुभाष पड़री, अवधेश पचीपुरी प्रधान, धर्मेंद्र सिंह चमरसेना, संजीव पाल परैथा आदि मौजूद रहे।

# अग्नि दुर्घटना के पीड़ित दो किसानों को एसडीएम ने आर्थिक मदद की चैक वितरित की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** लगभग एक माह पूर्व खेत में खड़ी लगभग एक हेक्टेयर गेहूं की फसल में हार्वेस्टिंग के दौरान आग लग गई थी। तहसील क्षेत्र के अग्नि दुर्घटना के पीड़ित दो किसानों को एसडीएम ने कार्यालय परिसर में आर्थिक मदद की चैक वितरित की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम रुरा मल्लू निवासी रोहित सेंगर एवं मोहित सेंगर के खेत में गेंहूं की फसल की हार्वेस्टिंग के दौरान आग लग गई थी। आग के दौरान लगभग एक हेक्टेयर में खड़ी गेहूं की फसल जल गई थी। हाग में ट्रैक्टर और हार्वेस्टर भी जल गया था। अग्नि दुर्घटना के पीड़ित किसानों की मदद के लिए सरकार मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना चलाया जा रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने कार्यालय परिसर में पीड़ित किसान रोहित सेंगर व मोहित सेंगर को 15-15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता राशि की चैक दी। चैक पाकर पीड़ित किसानों को कुछ राहत महसूस हुई। इस मौके पर मंडी सचिव अंकित गुप्ता, रवि कुमार, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, निखिल श्रीवास्तव आदि रहे।

# जालौन से 10 दिन पूर्व भगा ले गया था नाबालिग किशोरी को

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** युवक द्वारा लगभग 10 दिन पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने चचेरे भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। युवती के बरामद होने पर मेडिकल जांच में युवती गर्भवती निकली। पुलिस ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लगभग 10 दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी ओम सेंगर अपने साथ भगा ले गया था। किशोरी के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने तीन दिन बाद दोनों को बरामद कर लिया था। युवती की मेडिकल जांच में उसके गर्भवती होने और उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# एस टी के गर्ल्स इंटर कालेज में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के मुहल्ला गांधी नगर में स्थित शिक्षण संस्थान एसटीके गर्ल्स इंटर कालेज कोंच में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 20 मई दिन बुधवार स्थान एसटीके इंटर कालेज कैंपस में समय प्रात: आठ बजे किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल उपस्थित रहेगे ।इस पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह को लेकर विद्यालय परिवार कार्यक्रम को लेकर तैयारियो को अंतिम रूप देने में जुटा है

# अवैध रूप से गांजा लेकर जा रहे युवक को पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चौकी पुलिस ने अवैध रूप से गांजा लेकर जा रहे युवक को पकड़ा है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने 1.340 किग्रा गांजा व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी को सूचना मिली कि लौना रोड पर गाय मंदिर के पास एक युवक गांजा बेचने के फिराक में खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भवानीराम निवासी संदिग्ध युवक मोहित कुशवाहा को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने युवक के पास मौजूद पॉलीथीन से 1.340 किग्रा सूखा गांजा व मोबाइल फोन बरामद किया। जब पुलिस ने युवक से पूछतांछ की तो उसने बताया कि वह गांजा बेचने के लि ले जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम में बच्चों ने बिना गैस जलाए तैयार किए स्वादिष्ट व्यंजन

**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में मंगलवार को लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बिना आग और बिना गैस जलाए भोजन एवं पेय पदार्थ तैयार करना सिखाया गया। बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में आम का जूस, तरबूज का जूस, सलाद, आम की चटनी और भेलपुरी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इस दौरान बच्चों ने आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ मिलकर सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तैयार किए गए सभी खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट और आकर्षक रहे, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सोनी ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार का माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। इससे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। वहीं राहुल कुशवाहा ने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों में करके सीखने की रुचि बढ़ती है और उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा जैन ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रटने की पद्धति से हटाकर व्यावहारिक एवं रोजगारपरक शिक्षा से जोडऩा है। यह योजना समग्र शिक्षा और पीएमश्री योजना के तहत लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 15 जिलों के 60 सरकारी विद्यालयों में की गई थी, जिसमें बच्चों की उपस्थिति और सीखने की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।

# जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## 52 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जालौन की ओर से आयोजित पांचवीं जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन रविवार को नगर के मणिंद्रालय हॉल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा द्वारा दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मिष्टी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद आकर्षक समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के 52 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया। सचिव शारदा मिश्रा ने प्रतिभागियों को योगासन खेल के नियमों की जानकारी दी तथा टाइम जज की भूमिका निभाई। डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अरुणा सक्सेना ने विजेताओं की घोषणा करते हुए उन्हें पुरस्कृत कराया। विशिष्ट अतिथि योगाचार्य दीपा श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को योगासन की बारीकियों की जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में नवनीत श्रीवास्तव,अर्चना त्रिपाठी, व्यंजना सिंह, आर्यकन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या नलिनी सिंह, आईटीआई कालपी के प्राचार्य श्रवण कुमार शुक्ला एवं सुधा पाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में दिनकर पुरवार, हिमांशु, आकाश याज्ञिक, अखिलेश, सुरेश शास्त्री, साधना चौबे, रजनी पाल, माधवी सिंह राजावत, विष्णु पाल, अमित बाथम और जलज सक्सेना शामिल रहे। वहीं, साक्षी नागायच एवं अखिलेश ने कोच की भूमिका निभाई।

**ये रहा परिणाम**-प्रतियोगिता के परिणामों में ट्रेडिशनल सब जूनियर बॉय वर्ग में श्रेयस सिंह प्रथम, श्रेयांश सिंह द्वितीय और अर्नव श्रीवास्तव तृतीय रहे। सब जूनियर गर्ल वर्ग में अनन्या सिंह ने पहला, साजिया ने दूसरा और नंदनी मोदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर बॉय वर्ग में ऋषभ प्रथम, आर्यन द्वितीय और फैजान तृतीय रहे, जबकि जूनियर गर्ल वर्ग में नित्या, प्रज्ञा और धानवी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। सीनियर गर्ल वर्ग में शिवांशी प्रथम, शिवांगी द्वितीय और दर्शन तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर-ए वर्ग में रजनी देवी प्रथम, अनूप कुलश्रेष्ठ द्वितीय और कीर्ति देवी तृतीय रहीं, जबकि सीनियर-बी वर्ग में अर्चना शिवहरे प्रथम और निधि मोदी द्वितीय स्थान पर रहीं ।आर्टिस्टिक सिंगल प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में श्रेयश एवं गौरी प्रथम रहे, जबकि नंदिनी द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर बॉय वर्ग में आर्यन प्रथम रहे।

जूनियर गर्ल वर्ग में नित्या महरोत्रा ने पहला और शिवांशी मिश्रा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक पेयर में गौरी एवं आन्या की जोड़ी प्रथम रही, जबकि रिदमिक पेयर में आराध्या और रक्षिता ने पहला स्थान हासिल किया।

# पूरे कार्यकाल भर भ्रष्टाचार का नंगा नाच करने वाले प्रधान को डीएम ने कार्यकाल समाप्त होने मात्र 6 दिन पूर्व किया बर्खास्त

## बेईमान प्रधान की शिकायतें लगातार 5 वर्ष से मिल रहीं थीं अधिकारियों को मगर इतने सारे विरोध के बाबजूद भृष्ट प्रधान ने कैसे कर लिया अपना कार्यकाल लगभग पूरा

- बेअसर साबित होगा डीएम का आदेश
- प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वतखोरी के आरोप पर जगम्मनपुर प्रधान को नोटिस
- वित्तीय अधिकार सीज करने का दिया नोटिस

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में भ्रष्टाचार और योजनाओं में अनियमितता के खिलाफ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास खण्ड डकोर की ग्राम पंचायत अटरिया के ग्राम प्रधान दीपू खटीक को पद से बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के प्रधान के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपों पर वित्तीय अधिकार सीज करने की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत अटरिया के प्रधान दीपू खटीक के विरुद्ध जांच में गंभीर अनियमितताएं एवं पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का लगातार उल्लंघन प्रमाणित पाया गया। आरोप सिद्ध होने पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया गया।

वहीं ग्राम पंचायत जगम्मनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक कुष्ठ रोगी लाभार्थी से आवास स्वीकृति एवं किस्त जारी कराने के नाम पर 25 हजार रुपये रिश्वत लेने का मामला वायरल ऑडियो और वीडियो के माध्यम से सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जारी नोटिस में कहा गया है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजना में लाभार्थियों से अवैध धन उगाही न केवल भ्रष्टाचार है बल्कि प्रधान पद की गरिमा और जिम्मेदारियों का खुला उल्लंघन भी है। संबंधित प्रधान से 20 दिन के भीतर साक्ष्यों सहित तथ्यात्मक स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की योजनाओं में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। गरीब, असहाय और पात्र लाभार्थियों के अधिकारों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बरेली हादसे के बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का एक्शन, टंकी निर्माण एजेंसी ब्लैकलिस्ट

( यंग भारत न्यूज )



**बरेली।** बरेली में जल जीवन मिशन की टंकी गिरने के मामले में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई है. मामले की जांच के लिए गठित समिति की प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर निर्माण एजेंसी एनसीसी और थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी बीएलजी कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है.

ब्लैकलिस्ट रहने तक कंपनी को कोई भी नया काम नहीं मिलेगा. इस मामले में निर्माण कंपनी एनसीसी व थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई गई है. एजेंसियों पर कार्रवाई के साथ-साथ इस मामले में बरेली की अधिशासी अभियंता कुमकुम को भी निलंबित कर दिया गया है. आपको बताएं कि 4 मई को बरेली आलमपुर जाफराबाद विकास खंड में एक निर्माणाधीन टंकी गिर गई थी. जिसके बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में निर्मित और निर्माणाधीन टंकियों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए. इसके लिए टीपीआई द्वारा टेक्निकल सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट बनाई जाए. साथ ही मंत्री ने उच्चाधिकारियों को परियोजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं. परियोजना निर्माण में अपने दायित्वों का निर्वाहन सही से न करने पर जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता कुमकुम और दो जूनियर इंजीनियरों को भी निलंबित किया गया है. साथ ही इन इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच भी होगी. योजना में आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात दो सहायक अभियंताओं को बर्खास्त करते हुए सेवा समाप्त कर दी गई है. थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी बीएलजी कंस्ट्रक्शन सर्विसेज के बरेली में तैनात इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है.

# सड़क निर्माण करायें जाने की मांग उठाई रामनगर वासियों ने

### नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रतिनिधि विजय चौधरी को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** शहर के मुहल्ला रामनगर सेवाधाम आश्रम के पास रहने वाले रामकिशोर, ओमप्रकाश, अशोक कुमार, सत्येन्द्र कुमार, डालचंद, भगवान सिंह, प्यारेलाल आदि ने नगर पालिका परिषद उरई की अध्यक्षा श्रीमती गिरजा देवी के प्रतिनिधि एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि रामनगर सेवाधाम आश्रम के पास वाली रास्ता कुछ माह पहले मोतीलाल के मकान तक रोड़ एवं नाली का निर्माण कराया गया था उसी समय मुहल्ला वासियों ने कहा था कि मोतीलाल के मकान से दुर्गा मंदिर तक लगभग 100 मीटर की दूरी रोड़ उखड़ा पड़ा है जिसका निर्माण करवा दिया जाये जो अभी तक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा नहीं कराया गया जिसमें स्कूली बच्चे, वृद्ध लोगों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है ।यह भी बताया कि वर्ष 2024 में नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछी हुई है जो रोड़ पर कई जगह लीक कर रही है जिसकी वजह से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है ।जिसको ठीक करायें जाने एवं सड़क निर्माण करवायें जाने की मांग उठाई है।

# कदौरा में भीषण आग से कच्चा घर राख, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के चककीपुरवा गांव में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कच्चे मकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार यह आग लगभग 70 वर्षीय कल्लू पुत्र रामदी के कच्चे घर में लगी थी। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा भूसा, खटिया, कपड़े और अन्य घरेलू सामान कुछ ही देर में जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे किसी की एक न चली। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, कदौरा थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने भी पुलिस और फायर कर्मियों का सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के लोग भयभीत हो उठे। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 6 वर्ष बाद भी भाजपा की ढीली पोली नीति से अधूरी है नामामि गंगे पेयजल योजना

- हर घर जल योजना में बड़ा खेल! अधूरे कार्यों पर भुगतान, ग्रामीणों को न पानी मिला न सड़क
- जल निगम, टीपीआई और ठेकेदार कंपनियों की मिलीभगत के आरोप, मानकविहीन निर्माण पर उठे सवाल
- रेडीमेड टंकियों में रिसाव और गिरने का खतरा, आधी क्षमता से भरने के निर्देश देने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल योजना' और जल जीवन मिशन जनपद जालौन में गंभीर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोपों में घिरती जा रही है। ग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति और सड़क सुधार कार्यों की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों, टीपीआई एजेंसी और निर्माण कंपनियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य अधूरे और गुणवत्ता विहीन हैं।

ग्रामीणों ने विशेष रूप से जल निगम के अधिशासी अभियंता आंचल गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा कागजों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण दिखाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि जिन सड़कों को ठीक दिखाया गया, वे पहले से ग्राम प्रधान, विधायक निधि अथवा सांसद निधि से बनी हुई थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन्हीं सड़कों का भुगतान दोबारा दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष और बारीकी से जांच कराई जाए तो 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा। आरोप है कि उच्च अधिकारियों को केवल कागजी आंकड़े दिखाकर गुमराह किया जा रहा है, जबकि गांवों में आज भी सड़कें टूटी पड़ी हैं और लोग कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर हैं। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। मामले में टीपीआई बीएलजी कंपनी की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता की निगरानी करने वाली एजेंसी ने मानक विहीन निर्माण कार्यों को नजरअंदाज किया। आरोप है कि अधिकारियों और कंपनियों की मिलीभगत से कई गांवों में रेडीमेड पानी की टंकियां स्थापित की गईं, जिनकी गुणवत्ता बेहद खराब है। ग्रामीणों का दावा है कि इन टंकियों में पूरी क्षमता से पानी नहीं भरा जाता, क्योंकि पूरी तरह भरने पर उनके गिरने का खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष जिले में तीन टंकियां गिर गई थीं और तीन अन्य टेढ़ी हो गई थीं। इसके बाद कथित रूप से आधी टंकी भरने के निर्देश दिए गए, ताकि हादसे से बचा जा सके और कंपनियों का भुगतान भी जारी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन टंकियों की तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। मेसर्स ब्रजगोपाल कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड को जालौन, कुठौंद, कदौरा, माधौगढ़, महेवा, नदीगांव और रामपुरा ब्लॉकों के 270 गांवों में कार्य करने का ठेका दिया गया था। आरोप है कि कंपनी समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं कर सकी और जो कार्य किए गए वे भी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब कंपनी छह वर्षों में परियोजना पूरी नहीं कर सकी तो वह 10 वर्षों के रखरखाव की जिम्मेदारी कैसे निभाएगी। इसी प्रकार मेसर्स जीवीपीआर कंपनी पर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। कंपनी को सला घाट नदी से डकोर क्षेत्र के गांवों में पेयजल आपूर्ति का कार्य सौंपा गया था। आरोप है कि कंपनी का केवल 50 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ, जबकि 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान कर दिया गया। कंपनी को तीन से चार बार समय वृद्धि भी प्रदान की गई, लेकिन इसके बावजूद कार्य पूर्ण नहीं हुआ। पिछले एक वर्ष से कई स्थानों पर कार्य बंद पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार केवल 50 से 80 गांवों में जलापूर्ति शुरू हुई है, लेकिन वहां भी सभी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। कई गांवों में केवल 25 से 35 प्रतिशत घरों में ही जलापूर्ति हो रही है। इससे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट 'हर घर जल योजना' की मंशा प्रभावित हो रही है। परियोजना के तहत बोरवेल, पंप हाउस, स्टाफ क्वार्टर, बाउंड्रीवाल, आरओ प्लांट, क्लोरीन मिक्सअप प्लांट और पाइपलाइन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित थे। आरोप है कि छह वर्षों में केवल आंशिक कार्य हुए, जबकि भुगतान लगभग पूरा कर दिया गया। कई स्थानों पर बोरिंग की गहराई कागजों में 100 मीटर दिखाई गई, जबकि वास्तविकता में यह 75 से 90 मीटर के बीच पाई गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई स्टाफ क्वार्टर बिना बिजली, शौचालय और किचिन के अधूरे पड़े हैं। आरओ प्लांट और क्लोरीन मिक्सअप प्वाइंट भी नहीं लगाए गए। पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन उन्हें पूर्ववत नहीं किया गया। इसके बावजूद सड़क मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों, टीपीआई एजेंसियों और निर्माण कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो बरसात में हालात और खराब हो जाएंगे तथा किसी बड़े हादसे से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

- पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें नहीं बनीं, बरसात से पहले ग्रामीणों की बढ़ी चिंता
- अरबों रुपए की योजना का जिले में गबन करके कर दिए बुरा हाल
- अधिशासी अभियंता जल निगम और उसकी खास निर्माण कंपनियों का जिले में है बहुत बड़ा घोटाला
- किसी उच्च स्तरीय जांच एजेंसी से हो जाये जांच तो चौकाने वाली सच्चाई आएगी सामने और जिले के नोडल अधिकारी गुप्ता समेत अनेक जिम्मेदार पहुंच जाएंगे जेल की भीतर

# जॉइंट मजिस्ट्रेट आई ए एस रिंकू सिंह की प्रेरणा से 70 की उम्र में थामी किताबे: एसडीएम की पहल से बुजुर्गों के बीच शुरू हुई प्रॉढ़ शिक्षा क्रांति

## निरक्षरता जीवन का सबसे बड़ा अंधेरा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन, 19 मई।** जनपद जालौन में नवागत उप जिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने कार्यभार संभालते ही प्रशासनिक व्यवस्था में नए प्रयोगों और जनहित से जुड़े कार्यों की शुरुआत कर दी है। अपनी कार्यशैली और स्पष्ट सोच के लिए चर्चित आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अब अशिक्षित बुजुर्गों को शिक्षा से जोड़कर समाज में नई मिसाल पेश की है। उनकी पहल पर तहसील जालौन क्षेत्र के गांव छानी में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल में प्रवेश कराया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में यह पहल चर्चा का विषय बनी हुई है। रिंकू सिंह राही का नाम प्रशासनिक जगत में पहले से ही चर्चित रहा है। शाहजहांपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं के सामने कान पकड़कर उठक-बैठक लगाकर चर्चा बटोरी थी। बाद में राजस्व परिषद में तैनाती के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित अपना इस्तीफा यह कहते हुए सौंप दिया था कि यदि वे काम नहीं कर रहे हैं तो वेतन लेने का भी अधिकार नहीं है। हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। करीब दो सप्ताह पूर्व उनकी तैनाती जनपद जालौन में हुई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उन्हें तत्काल तहसील जालौन में उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात कर दिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जब पीटीआई संवाददाता उनके साक्षात्कार के लिए पहुंचे तो उन्होंने साक्षात्कार देने से इनकार करते हुए कहा कि वह यहां केवल जनता की सेवा करने आए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू करना और अशिक्षित लोगों को शिक्षा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। इसी सोच को धरातल पर उतारते हुए उप जिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश जारी किए। इसके बाद गांव छानी के प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल में नौ बुजुर्गों का प्रवेश कराया गया। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर देवीदीन (60 वर्ष), मिश्रीलाल (65 वर्ष), वंशगोपाल (72 वर्ष), भुलाई (70 वर्ष), श्रीमती किरण (58 वर्ष), टीकाराम (69 वर्ष) और राममूर्ति (66 वर्ष) का प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश कराया गया। वहीं कालका (78 वर्ष) और राजदुलैया (78 वर्ष) को जूनियर हाई स्कूल में दाखिला दिलाया गया। विद्यालय में जब ये बुजुर्ग छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर पढ़ाई करने लगे तो माहौल बेहद भावुक हो उठा। वर्षों बाद हाथों में किताब और कॉपी थामे इन बुजुर्गों के चेहरों पर सीखने की खुशी साफ दिखाई दे रही थी। विद्यालय के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने फूल-मालाओं और तालियों के साथ उनका स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहली बार ऐसा दृश्य देखा है, जब बुजुर्ग उम्र के लोग बच्चों के साथ स्कूल में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस पहल ने गांव ही नहीं, पूरे तहसील क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता का नया संदेश दिया है। उप जिलाधिकारी रिंकू सिंह राही की यह पहल यह साबित करती है कि शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और प्रशासन सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। जालौन में शुरू हुई यह नई शिक्षा परंपरा अब अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा बनती दिखाई दे रही है।

# पीड़ित युवती ने करली थी आत्महत्या पुलिस ने नही लिखी थी रिपोर्ट, कोर्ट ने 4 आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कराई चुर्खी थाने में एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** तीन महीने पहले आरोपियों के द्वारा उत्पीड़न से परेशान होकर युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में चार नामजद लोगों के खिलाफ पीड़ित मां के द्वारा न्यायालय के आदेश पर चुर्खी थाना में अभियोग दर्ज कराया गया है इस प्रकरण की विवेचना पुलिस करने में जुट गई है।

उक्त थाना क्षेत्र के पीड़ित वादिया ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी की पुत्री को आरोपी राघवेंद्र बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसका मुकदमा थाना चुर्खी में 134/2024 सुसंगत धाराओं में दर्ज कराया गया था। मेरे पुत्री मेरे साथ रहती थी तथा गुमसुम व परेशान रहती थी। आरोपीगण मुकदमा वापस करने का दवाब बनाते थे। वादिनि ने आरोप लगाया कि मेरी पुत्री मानसिक रूप से परेशान थी तथा डिप्रेशन व उत्पीड़न कर रहे थे। आरोपियों के द्वारा परेशान किए जाने की वजह से दिनांक 01.02.2026 को पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वादिनी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों मानसिंह, इंद्रपाल, पुष्पेंद्र, व अंजू के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

# ग्राम प्रधान पर सरकारी तालाब से अवैध मिट्टी खनन का आरोप

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खण्ड कोंच क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम घुसिया के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा गाँव के सरकारी तालाब से जीसीवी व ट्रैक्टरों से अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही है और उसे विक्रय किया जा रहा है। शिकायतकर्ता प्रदुम पटैरया व राजकिशोर समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इससे राजस्व व सार्वजनिक संपत्ति को भारी क्षति हो रही है।

शिकायत के मुताबिक ग्रामवासियों ने 18 मई 2026 को उपजिलाधिकारी कौंच को लिखित प्रार्थना देकर मामले में कार्यवाही की माँग की, परन्तु अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। जब ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचना देने पर 1076 संख्या पर कॉल की तो 112 नंबर पर कॉल ट्रांसफर कर दिया गया, पर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची और केवल लेखपाल को भेजकर मामला टाला गया। इसके बाद रात में तालाब में पानी छोड़े जाने से मिट्टी खनन के साक्ष्य नष्ट कर दिए गए, जबकि शिकायतकर्ता के पास खनन की वीडियोज़ व फोटो मौजूद हैं ।शिकायत में कहा गया है कि विरोध करने पर ग्राम प्रधान ने तानाशाही रवैया अपनाया और खनन जारी रखा। ग्रामीण अब जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर व सख्त प्रशासनिक व वैधानिक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा हो और दोषियों को दंडित किया जा सके।

# विधायक खेल महोत्सव के तहत विधानसभा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

## प्रभारी मंत्री आज करेंगे तीतरा में मैच का उद्घाटन






( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विधानसभा क्षेत्र माधोगढ़ में विधायक खेल महोत्सव के तहत माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग भव्य उद्घाटन आज 20 मई दिन बुधवार को शाम 6 बजे जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार के कर कमलों द्वारा तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में किया जाएगा।टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से प्रेस वार्त कर टूर्नामेंट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दूधिया रोशनी में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिनमें से 8 टीमें माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र की शामिल रहेंगी और शेष 8 टीमें विधानसभा क्षेत्र से बाहर की शामिल होंगी उनमें भी आधे खिलाड़ी विधानसभा क्षेत्र के ही शामिल होंगे। टेनिस की बॉल से 10-10 ओवरों का प्रतिदिन एक लीग मैच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक ग्रुप में 4 टीमें शामिल की गई हैं और प्रत्येक टीम के 3 लीग मैच होंगे। जिसके बाद क्वाटर में 8, और सेमीफाइनल में 4 टीमों के बीच मैच होने के बाद जीतकर आने वाली 2 टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। विधायक ने बताया कि टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1.51 लाख और उप विजेता टीम को 75 हजार रुपए का नकद पुरस्कार शील्ड सहित प्रदान किया जाएगा। मेन ऑफ द सीरीज के खिताब के तहत सम्बंधित खिलाड़ी को एक ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच के रूप में सम्बंधित खिलाड़ी को शील्ड और 500 रुपये, टूर्नामेंट के बेस्ट फील्डर को शील्ड और ट्रैकशूट, बेस्ट बैट्समेन को शील्ड और बैट, बेस्ट बॉलर को शील्ड और शूज प्रदान किए जाएंगे। सभी टीमों में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी को ड्रेस एवं टीम को बैट और बॉल भी दी जाएगी। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 1 जून (संभावित तिथि) को खेला जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार खेलकूद के माध्यम से युवाओं को एक ओर जहां अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अवसर मुहैया करा रही है, साथ ही युवाओं को शारीरिक रूप से दक्ष बनाया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाएं भविष्य में बाहर भी क्षेत्र का नाम रोशन करें। वहीं, टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री के साथ जनपद के अन्य सभी जनप्रतिनिधि, जिला एवं प्रदेश स्तरीय भाजपा नेता, कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में खेल प्रेमी एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में उपस्थित होंगे। उधर, टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में आयोजक टीम के सदस्य आशु निरंजन, सत्येंद्र सिंह शीलू पड़री, लालजी पटेल चांदनी, गौरी चबोर, विकास पटेल धनौरा, प्रधान प्रेमप्रकाश पटेल, अंकित पड़री, हरिमोहन कैलिया, जितेंद्र पटेल कैलिया, महेंद्र सोनी , नेहरू पटेल, आकाश छानी, हिमांशु तीतरा, राज पटेल, विवेक पटेल, जीतू पटेल, वेद पटेल भदारी, शशांक भदारी, अंशु डाढी, रामलला पटेल, अवधेश पटेल, अरविंद निरंजन मुनिया, शेखर इमलौरी, छोटेराजा, नारायण सिंह, प्रदीप पटेल मास्टर धनौरा, अमित महतवानी, पप्पू पल्सर, ब्रजपाल तीतरा, रामबिहारी, रामराजा पटेल,कुलदीप पटेल ठेकेदार आदि मैदान को सजाने संवारने के साथ ही अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को पूरा करने में लगे हुए हैं।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । जिले में लगातार बढ़ रही महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हो रही वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर, सीएनजी और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि खाद्य सामग्री से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई के कारण लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और आम आदमी आर्थिक संकट से जूझने को मजबूर है। पार्टी ने मांग की कि केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर तत्काल नियंत्रण लगाए और महंगाई रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए। जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी उरई के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सिपाहियों ने मिशन शक्ति -5 द्वितीय अभियान बाजारों व सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं को जागरूक किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई** । मंगलवार को महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में नगर के व्यवसायिक तथा सार्वजनिक स्थानों में द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति -05 अभियान चलाया गया। इस दौरान रिक्रूट महिला सिपाहियों के साथ बाजारों, सार्वजनिक स्थानों में घूम-घूम कर महिलाओं को जानकारियां देते हुए जागरूक किया। तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां दी।

नगर के व्यवसायिक तथा सार्वजनिक स्थानों में आने जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा व स्वालम्बन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ममतेश कुमारी के नेतृत्व में महिला सिपाहियों नेहा पटेल,सोनम देवी, संध्या यादव, प्रीति त्यागी सोनी गौतम के अलावा रिक्रूट महिला कांस्टेबलों नेहा देवी, लक्ष्मी उपाध्याय, गीतांजलि द्विवेदी, आदि ने मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बितरित किया। टीम ने महिलाओं को सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। महिलाओं को जागरुक करते शासन की योजनाओं को बताया तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक ने अवगत कराया कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता नंबर,पिन, ओटीपी,सीवीवी नंबर इत्यादि साक्षा न करें।

# एमएल कांवेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । एमएल कांवेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

एमएल कांवेंट स्कूल में विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को उनकी पूरे वर्ष की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता गुप्ता ने की और मुख्य अतिथि डॉक्टर सीपी गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी एकाग्रता और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। बच्चों को आगे भी मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्रबंध निदेशक गौरव गुप्ता ने और कार्यक्रम अध्यक्ष नीता गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे शिक्षकों का कड़ा परिश्रम और अभिभावकों का विश्वास है। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परीक्षाफल घोषणा में प्लेग्रुप में सोम, नर्सरी में प्रतिका, एलकेजी में लकी, यूकेजी में क्रिश, कक्षा एक में मनु, कक्षा दो में हर्षा, कक्षा तीन में गोपालजी, कचार में जानवी यादव, कक्षा पांच में अनन्या, कक्षा छह में विशाल सिंह, कक्षा सात में कामाक्षा, कक्षा आठ में भव्या, कक्षा नौ में सोम्या एवं कक्षा 11 में गौरी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले पांच स्थानों पर आने वाले मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजू महतेले, धर्मेंद्र सुहाने, अनिल गुप्ता, विनय गुप्ता, माधव व्यास, मंगल सिंह चौहान, औसाफ अंसारी, सौरभ खरे और दीपक खरे आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण का आरोप, गलत जगह हो रहा नाला निर्माण, तत्काल रोका जाए

## मामला ग्राम खैरी में जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण का

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरी में जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को गलत ठहराते हुए ग्राम वासी इसके विरोध में उतरे हैं और शासन प्रशासन से तत्काल निर्माण रुकवाने की मांग की है।

उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को दिए गए प्रार्थना पत्र में दीपेश कुमार पुत्र नरेंद्रपाल उर्फ राहुल निवासी ग्राम खैरी ने बताया कि जो नाले का निर्माण हो रहा है वह गलत है। जहां नाला बनाना प्रस्तावित था वहां निर्माण हो ही नहीं हो रहा है, बल्कि उसके स्थान पर दूसरी जगह नाला निर्माण कराया जा रहा है। इसकी वजह से रोड और पानी की लाइन खराब हो रहे हैं। उस नाले का कहीं पानी का निकास भी नहीं है। समस्त ग्रामवासी इस नाला निर्माण के विरोध में हैं। उसने एसडीएम से मांग की है कि जिस जगह नाला प्रस्तावित है उसी जगह बनवाए जाने के आदेश निर्गत करें। दीपेश कुमार ने बताया कि हुल्की माता मंदिर के तालाब से प्राथमिक विद्यालय होते हुए घनश्याम के खेत से बंबा तक निर्माण स्वीकृत है जो ग्रामवासियों के लिए उपयोगी है तथा प्राथमिक विद्यायल में जल भराव के कारण बच्चों को स्कूल जाने में जो परेशानी होती है उसका भी निदान होगा क्योंकि इस नाले से गांव के पानी का निकास भी सही है। उसने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराकर हो रहे निर्माण को रुकवाया जाए तथा जिस जगह नाला प्रस्तावित है उसी जगह बनवाया जाए।

# भीषण गर्मी की तपिश से सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

## चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घरों में रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचने की सलाह दी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दोपहर के समय तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। इसका असर सरकारी कार्यालयों में भी साफ देखने को मिल रहा है, जहां आम दिनों की तुलना में काफी कम लोग पहुंच रहे हैं।

तहसील, ब्लॉक, नगर पालिका, बिजली विभाग, बैंक तथा अन्य सरकारी कार्यालयों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया। जरूरी कार्य होने पर ही लोग कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते कर्मचारियों और अधिकारियों को भी कामकाज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घरों में रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है। गर्मी के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

# 21 मई को विकास खण्ड महेबा में जन चौपाल आयोजित कर होंगी जनसुनवाई -डीएम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी/उप जिला अधिकारी /तहसीलदार/क्षेत्राधिकारी कालपी/जिला पंचायत राज अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला प्रोवेशन अधिकारी/जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी/जिला दिव्यांगजन अधिकारी/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/अधिशासी अभियंता/विद्युत वितरण खंड द्वितीय/जल निगम ग्रामीण/नलकूप खंड प्रथम एवं द्वितीय/डाल नहर/अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड -3,लो0नि0वि0/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला पूर्ति अधिकारी/उप निदेशक कृषि/जिला कृषि अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक,सहकारिता को बताया कि दिनांक 21.05.2026 (गुरुवार) को अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत खल्ला विकास खण्ड महेबा में जन चौपाल आयोजित कर जनसुनवाई की जाएगी तथा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी महेबा ग्राम पंचायत खल्ला में जन चौपाल आयोजित किए जाने हेतु समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराएँगें। जन चौपाल के दौरान उक्त अधिकारियों के अतिरिक्त ग्राम स्तरीय समस्त कर्मचारी अभिलेखों सहित उपस्थित रहेगें।

# खेत की मेड़ तोड़ने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महेवा में खेत की मेड को तोड़ने की घटना पर आरोपियों के खिलाफ मार-पीट करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की बिबेचना करने में जुट गई है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में पीड़ित वादी संजू सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी ग्राम महेवा थाना कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 14.05.2026 को सुबह करीब 7 बजे प्रार्थी का खेत महेवा में स्थित है। प्रार्थी के खेत की मेड़ गांव के ही आरोपी चरन सिंह पुत्र विसंम्भर सिंह ने तोड़ दी है। तेज सिंह शीलू सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी ग्राम महेवा गए थे। खेत में मेड तोड़ने के बारे में कहा कि आरोपीगणों चरन पुत्र विशंभर सिंह, अनुज सिंह पुत्र राजा सिंह, रवि सिंह पुत्र लाखू सिंह, आशिक सिंह पुत्र राजू सिंह ने एक राय होकर प्रार्थी व दादी पुत्र तेज सिंह, शीलू को लाठी कुल्हाड़ी व डंडे से मारने लगे तथा पत्थरों से भी मारा पीटा और चोटें पहुंचाई। हम लोगों को बचाने के लिए मंजू देवी पत्नी जितेंद्र सिंह, रामढकेली पत्नी रामबलि पहुंची। तो आरोपियों ने महिलाओं को भी मारा पीटा। जिससे सभी को गंभीर चोटें आई। दादी को कुल्हाड़ी आरोपियों ने मारा जिसमें दादी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का चिकित्सालय में मरीजों का इलाज किया गया।

# महिला की थी पिटाई, हो गया मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उकासा में एक महिला को मारपीट कर घायल किया व कपड़े भी खींचने के प्रकरण में थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण के संबंध में वादी जयंती पुत्री साधुराम ग्राम उकासा पोस्ट चमारी थाना आटा ने थाने में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 16.05.2026 तो सुबह करीब 10 बजे मैं घर की ओर जा रही थी। आरोपी मटरू जो कि मेरे घर के पास ही रहता है। वह मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। मैं अकेली थी डर के कारण में अपने घर आ गयी। उसके बाद करीब 12 बजे के आसपास प्रार्थिनी मंदिर से पूजा करके लौट रही थी। तभी रास्ते में आरोपी मोनिश खान, साहिल खान, शाहिन और गुल्लू खान इन सब ने मुझे पकड़ और मरने लगे और बाल पड़कर आर सीसी सड़क में पटक दिया। तथा मेरे कपड़े खींचे तथा जाति सूचक शब्दों से गंदी-गंदी गालियां दी। फिर मैंने रोते हुए मम्मी पापा को आवाज़ लगाई तब उन्होंने आकर मुझे बचाया उसके बाद मेरे घर से निकलते ही मेरे छोटे भाई बहनों को गाली गलौज करने लगे थे।इसी क्रम में 15 मार्च 2026 को रात करीब 9 बजे के आसपास एक गाड़ी जिसमें कई लोग थे उसमें से कुछ लोगों के पास बंदूके थी उस गाड़ी से सारे लोग उतरे और मेरे घर की ओर टॉर्च लगने लगी जिसकी सूचना आटा थाना पुलिस को पहले दी गई थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी गई है।

# नवप्रवर्तन -2026 में छात्रा काजल ने प्रथम स्थान पाया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी के निर्देशन पर परिषदीय विद्यालयों में चलाए गए 6 दिवसीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर - 2026 की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीगंज की कक्षा 7 की छात्रा काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों ने प्रतिभाशाली छात्रा का सम्मान किया है।

उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप निगम तथा वरिष्ट शिक्षिका संगीता श्रीवास्तव के मुताबिक भारत इन्नोवाट - 2026 बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा 7 दिनों तक चलाया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को विकसित भारत, नवाचार परिदृश्य पर संगोष्ठी, नदियों, पर्वतों, ऐतिहासिक स्मारकों के इतिहास एवं भूगोल का ज्ञान आदि विषयों पर चर्चा की गई। हमारे उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीगंज की छात्रा काजल ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई पर निबंध एवं चित्र बनाकर सफलता हासिल की है छात्रा काजल को शिक्षाविदों के द्वारा सम्मान दिया गया।

# खजूरी से अध्यापक को न हटाने की मांग को लेकर अभिभावकों व छात्रों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड नदीगांव के खजुरी के कंपोजिट विद्यालय से अध्यापक को हटाए जाने के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र के अभिभावकों और छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सौंपकर शिक्षक को यथावत विद्यालय में बनाए रखने की मांग की।

इस मौके पर रमेशचंद्र दोहरे, कुसमा ग्राम प्रधान खजुरी, अभिषेक, संजीव कुमार पूर्व प्रधान, नंदराम पूर्व प्रधान, अमित, कमलेश, सतीश कुमार, राजकुमार ग्राम पंचायत सदस्य, श्याम किशोर एवं छात्रों ने ज्ञापन देते बताया कि संबंधित अध्यापक लंबे समय से विद्यालय में कार्यरत हैं और उनकी शिक्षण शैली से छात्र-छात्राओं को काफी लाभ मिल रहा है। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुधार हुआ है तथा विद्यालय का शैक्षिक वातावरण बेहतर बना है। ज्ञापन सौंपने वालों का कहना था कि यदि अध्यापक का स्थानांतरण या हटाया जाना होता है तो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि छात्रों के हित को देखते हुए अध्यापक को विद्यालय से न हटाया जाए।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए अनुभवी अध्यापक का विद्यालय में रहना आवश्यक है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# योगी सरकार का एक और तोहफा, अब इन्हें भी मिलेगी 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार हर वर्ग के लिए आए दिन नई योजनाओं का तोहफा दे रही है. अब योगी सरकार ने राज्य के शिक्षामित्रों अनुदेशकों एक बड़ा तोहफा दिया है. दरअसल, योगी सरकार ने शिक्षामित्रों अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने के बाद बड़ी घोषणा की है.

जिसके तहत यूपी में शिक्षामित्रों अनुदेशकों को 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी. इसका लाभ सिर्फ शिक्षामित्र ही नहीं बल्कि उनके परिवार भी उठा सकेंगे. सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसके लिए शिक्षकों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पूरा विवरण भरना होगा. ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा फीड होने के एक सप्ताह के भीतर शिक्षा मित्रों अनुदेशकों के लिए कार्ड जारी कर दिया जाएगा. सीएम योगी ने बताया कि साल 2011-12 में राज्य में अनुदेशकों की नियुक्ति शुरू की गई थी. उस समय राज्य में 13,769 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कुल 41,307 अनुदेशकों की नियुक्ति की गई थी. शुरुआत में उनका मानदेय 7000 रुपये प्रतिमाह था. वर्तमान में यूपी में अनुदेशकों की कुल संख्या घटकर 24,296 रह गई है. सीएम ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की नींव मजबूत करने में शिक्षामित्रों अनुदेशकों का अहम योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि अगर नींव मजबूत नहीं होगी तो इमारत भी मजबूत नहीं बन सकती. सीएम ने आगे कहा कि सरकार हमेशा से चाहती है कि शिक्षामित्रों अनुदेशकों को सम्मानजनक सुविधा गरिमा मिले. इसके लिए उन्हें कैशलेस इलाज की सुविधा दी जा रही है. इस दौरान सीएम योगी ने अनुदेशकों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कभी अपनी मांगों को लेकर हिंसा या जबरदस्ती का रास्ता नहीं चुना. सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाई. जिसके चलते सरकार को भी उनकी मांगें मानने में कोई हिचक नहीं हुई. योगी सरकार की इस योजना से शिक्षकों के साथ उनके परिवारों को भी स्वास्थ्य सुविधा का मुफ्त लाभ मिलेगा. सीएम ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद ने इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया है. जिस पर सभी शिक्षामित्रों अनुदेशकों को अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा. योगी सरकार की इस योजना से हजारों शिक्षामित्रों अनुदेशकों को आर्थिक राहत मिलेगी.



# बाप है या जल्लाद! बेटी को दी जहन्नुम से भी बदत्तर मौत; वजह जान पसीज जाएगा कलेजा

( यंग भारत न्यूज )

कर्नाटक के तुमकुरु जिले से ऑनर किलिंग का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां 17 साल की एक लड़की की हत्या के आरोप में उसके ही पिता को पुलिस ने हिरासत में लिया है.

आरोप है कि परिवार में बेटी की शादी को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद पिता ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया. यह घटना तुमकुरु जिले के शिरा तालुका स्थित निंबेमरदहल्ली गांव की बताई जा रही है. मृतक लड़की की पहचान 17 वर्षीय मेघना के रूप में हुई है. पुलिस जांच में सामने आई जानकारी ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है.

पुलिस के अनुसार, मेघना 16 अप्रैल को अचानक लापता हो गई थी. उस दिन उसकी मां निर्मला मजदूरी करके शाम को घर लौटीं तो बेटी घर पर नहीं मिली. उन्होंने कई बार फोन मिलाने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल बंद मिला.परिवार ने पहले आसपास तलाश की, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो पुलिस स्टेशन पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई. जांच में पता चला कि पिछले कई महीनों से मेघना की शादी को लेकर परिवार में तनाव बना हुआ था. जानकारी के मुताबिक, मेघना की मां और कुछ रिश्तेदार उसकी शादी एक करीबी रिश्तेदार के बेटे से करवाना चाहते थे. बताया जा रहा है कि लड़के वालों ने शादी की तैयारियां भी शुरू कर दी थीं और साड़ी व मंगलसूत्र तक खरीद लिया गया था.लेकिन मेघना के पिता थिम्मरायप्पा इस रिश्ते के खिलाफ थे. इसी बात को लेकर पति-पत्नी और परिवार के बीच लगातार झगड़े हो रहे थे. पुलिस का कहना है कि बीते चार से पांच महीनों से घर का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक बड़े विवाद के अगले ही दिन मेघना अचानक गायब हो गई. इसके बाद कुछ समय बाद पिता थिम्मरायप्पा भी घर से गायब हो गया, जिससे पुलिस का शक और गहरा गया.पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले. बाद में आरोपी पिता ने कथित तौर पर अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस जांच के मुताबिक, आरोपी ने पहले अपनी बेटी को एक कुएं में धक्का दिया. इसके बाद उस पर पत्थरों से हमला किया गया. हत्या के बाद शव को कुएं से बाहर निकालकर एक सुनसान इलाके में दफना दिया गया ताकि किसी को शक न हो.इस वारदात की जानकारी सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपी खुद अपनी पत्नी के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचा और बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने में मदद की. पुलिस का मानना है कि उसने खुद पर शक से बचने के लिए ऐसा किया.फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.



# जितने मुसलमान हैं पहले सब हिंदू थे, जो कायर थे वो...

## मंच से ये क्या बोल गए राजा भैया?

( यंग भारत न्यूज )

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसे लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है.

राजा भैया ने कहा कि जो लोग कायर थे लोभी और लालची थे वो लोग धर्म बदलकर मुसलमान बन गए. मुसलमान पहले हिन्दू ही थे. राजा भैया ने ये बयान 16 मई को प्रयागराज के एक गांव में आयोजित राम कथा के दौरान कही. जिसमें उन्होंने सभी हिन्दुओं को एक होने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सारे मुसलमान पहले हिन्दू ही थे. उन्होंने बाद में अपना धर्म परिवर्तन कर लिया और जो लोग धार्मिक बलिदानी थे हम लोग उनकी संतानें हैं. राजा भैया ने कहा- 'तमिलनाडु में एक नेता है डीएमके के, वो कहते हैं कि सनातन धर्म को ही समाप्त कर देना चाहिए, ये डेंगू है मलेरिया है..तमाम बीमारियों से तुलना की गई कि हिन्दू जो है वो सबसे निकृष्ट धर्म है, हिंदुत्व को समाप्त कर दो लेकिन, इसका कहीं कोई प्रतिरोध नहीं है. अब आप कल्पना करें कि यही किसी ने कहा होता कि इस्लाम को खत्म करो तो पता नहीं कितने फतवा जारी हो गए होते...क्या-क्या आंदोलन हो गए होते और न जाने क्या-क्या बवाल हो गया होता, तो सबसे आवश्यक है कि एक तरफ हम धर्म का ज्ञान अर्जित करें और दूसरी तरफ सामर्थ्य हिन्दू के रूप में अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने राष्ट्र के लिए अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता की रक्षा के लिए हम आगे आकर लड़ने के लिए भिड़ने के लिए तैयार हो.राजा भैया ने कहा कि कोई दूसरा इस लड़ाई को नहीं लड़ेगा. इस लड़ाई को हमको-आपको स्वयं को लड़ना है. इसलिए हम कहते हैं कि 'जाति-पाति की करो विदाई..हम सब हिन्दू भाई-भाई है..' उन्होंने कहा, 'जितने आज मुस्लिम हैं वो सब हिन्दू ही है. ये कोई अरब से नहीं आए हैं. जो आस्था विहीन थे, कायर थे, लोभी थे लालची थे, जो निष्ठाहीन थे, वो लोग दबाव में आकर प्रलोभन में आकर अपना धर्म परिवर्तन कर लिए..और जो धार्मिक थे, वीर थे, बलिदानी थे हम सभी लोग उनकी संतानें है.' राजा भैया ने ये भी कहा कि समाज के भीतर जो विभाजन है वहीं सबसे बड़ी कमजोरी की वजह है, जिसका फायदा विरोधी ताकतें उठाती हैं.



# देश संविधान से चलेगा आपकी धमकियों से नहीं..' नमाज को लेकर सीएम योगी के बयान पर एआईएमआईएम नेता वारिस पठान का पलटवार

( यंग भारत न्यूज )

सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर नमाज अदा करने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी की गई कड़ी चेतावनी ने पूरे प्रदेश की सियासत में गर्माहट ला दी है, जिसके तुरंत बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के प्रवक्ता वारिस पठान ने इस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री के बयान को सरासर गलत ठहराया है।

पठान ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होना चाहिए और किसी एक विशेष समुदाय को निशाना बनाना या उसके खिलाफ नफरत फैलाना पूरी तरह से अनुचित है।मीडिया से बातचीत के दौरान वारिस पठान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर पूरी तरह से विफल साबित हुए हैं, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है लेकिन इसके बावजूद वे आए दिन अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं, कभी 'ठोक डालूंगा' वाली नीति की बात करते हैं तो कभी 'कठमुल्ले' जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री कितनी अव्यवस्था फैलाएंगे और किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जब वे कहते हैं कि नमाज शिफ्ट में पढ़ें या रास्ते में पढ़ेंगे तो 'हम दिखाएंगे'। पठान ने मुख्यमंत्री को याद दिलाते हुए कहा कि वे एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं और किसी को भी रास्ते में, बारिश में या धूप में नमाज पढ़ने का शौक नहीं होता है, बल्कि अक्सर मस्जिदों में जगह की कमी होने के कारण ही लोग मजबूरन 5 मिनट के लिए रास्ते में नमाज अदा करते हैं, जिससे मुख्यमंत्री को आपत्ति हो जाती है।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुस्लिम समुदाय कभी भी आपत्ति नहीं करता जब हिंदू भाई ट्रेनों के अंदर या एयरपोर्ट पर भजन-कीर्तन या प्रार्थना करते हुए देखे जाते हैं।

एआईएमआईएम नेता ने आगे पूछते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, तो क्या वे सभी को मार डालेंगे या गोली मार देंगे, और इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि वे अपने मुख्यमंत्री के अल्फाज सुनें और देखें कि क्या यही उनका 'सबका साथ, सबका विकास और विश्वास' है, क्योंकि जब कोई मुसलमान रास्ते पर 5 मिनट के लिए जुमे की नमाज अदा कर लेता है, तो किसके पेट में दर्द होने लगता है, जबकि वे कायदे-कानून का पालन करते हुए और किसी की आस्था को ठेस पहुंचाए बिना नमाज पढ़ते हैं, जिससे किसी को तकलीफ नहीं होती। पठान ने मुख्यमंत्री को यह भी याद दिलाया कि जब कांवड़ यात्रा निकाली जाती है, तब मुस्लिम समुदाय कभी आपत्ति नहीं उठाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का संविधान समानता की बात करता है और इस देश में जितना अधिकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है, उतना ही अधिकार वारिस पठान का भी है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए, लेकिन एक ही समुदाय को निशाना बनाना और उसके खिलाफ नफरत फैलाना सरासर गलत है। पठान ने कड़े शब्दों में कहा कि इस तरह की धमकी देना एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता है और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इस पूरे मामले पर संज्ञान लेने की मांग की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक स्थलों पर नमाज को लेकर स्पष्ट रूप से कहा था कि सड़कों पर किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर नमाज पढ़नी है, तो उसे शिफ्ट में पढ़ा जाए या फिर अपने घर के अंदर अदा किया जाए, लेकिन सड़कों को रोकने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती है।मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा था कि अगर लोग प्यार से मानेंगे तो ठीक है, अन्यथा सरकार दूसरा तरीका अपनाने पर विचार करेगी।



# सीएम योगी के नमाज वाले बयान पर अखिलेश यादव की पहली प्रतिक्रिया, कहा- जगह कम है तो क्या दिक्कत?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज वाले बयान पर पहली प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए नियम-कानून बने हुए हैं, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई सबसे अधर्मी पार्टी है, तो वह भाजपा है .उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है. अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता संघ के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए निकले थे, जिनके हाथों में रामचरितमानस थी, फिर भी उन पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें पीटा गया. उन्होंने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातन की पक्षधर मानती है, तो उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना पर चलना चाहिए. अखिलेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि न तो स्मार्ट सिटी बन पाई और न ही स्मार्ट मीटर योजना टिक सकी, जिन्हें हटाना पड़ा. ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को हिंदी अखबार अमर उजाला के एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती. उन्होंने कहा कि सड़कें आवागमन के लिए होती हैं और किसी को भी चौराहों या सड़कों को रोककर सार्वजनिक जीवन बाधित करने का अधिकार नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि नमाज के लिए निर्धारित स्थान मौजूद हैं और लोगों को वहीं जाकर इबादत करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि संख्या अधिक है तो लोग शिफ्ट में नमाज पढ़ सकते हैं. साथ ही उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण का भी जिक्र करते हुए कहा कि अगर संसाधन और जगह सीमित हैं तो संख्या बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग व्यवस्था के साथ रहना चाहते हैं, उन्हें नियम-कानून मानने होंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार नमाज पढ़ने से नहीं रोक रही, लेकिन सड़क पर धार्मिक आयोजन या अवरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सड़कें आम नागरिकों, मरीजों, कर्मचारियों और कामगारों के लिए हैं, इसलिए यातायात बाधित नहीं होने दिया जाएगा.मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लोग अगर संवाद और समझाइश से मानेंगे तो ठीक है, लेकिन अगर नहीं मानेंगे तो सरकार सख्ती से भी निपटेगी. उन्होंने बरेली की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लोगों ने 'हाथ आजमाने' की कोशिश की थी और सरकार की ताकत भी देख ली. उनके मुताबिक सरकार हर व्यवस्था को कानून और सिस्टम के दायरे में लाना चाहती है.

# दाहिनी जांघ पर चोट, शरीर पर 30 घाव... ग्रेटर नोएडा की दीपिका की मौत सुसाइड थी या मर्डर? पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

( यंग भारत न्यूज )



**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के जलपुरा में 24 साल की विवाहिता दीपिका की संदिग्ध मौत के मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है।

रिपोर्ट में की डिटेल्स जानकर आपके भी रूह कांप उठेंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि मौत से पहले उसके साथ बर्बरता की गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दीपिका के शरीर पर सिर से लेकर पैर तक चोटों के दर्जनों निशान मिले हैं। उसके शरीर पर बाहरी और आंतरिक दोनों तरह की गंभीर चोटें पाई गईं। डॉक्टरों ने इसे गंभीर आघात (Trauma) से जोड़कर देखा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे हुए हैं।

शरीर पर बाहरी चोट की डिटेल्स

दाहिने चेहरे पर लगभग 12 सेमी म 9 सेमी आकार की सूजन/नील (Contusion) पाई गई।

बाएं कोहनी जोड़ पर लगभग 9 सेमी म 6 सेमी आकार की चोट/नील पाई गई।

बाएं Forearm पर लगभग 8 सेमी म 5 सेमी आकार की चोट पाई गई।

दाहिने जांघ पर लगभग 38 सेमी म 14 सेमी आकार का नीला दबाव चिन्ह/Contusion पाया गया

बाएं घुटने के जोड़ पर लगभग 4 सेमी म 1.5 सेमी आकार का हड्डी तक गहरा घाव (Bone Deep Wound) पाया गया

कमर/पेट के निचले हिस्से में लगभग 1.5 सेमी म 1 सेमी आकार का घाव पाया गया

दाहिने इलियक क्रेस्ट के ऊपर लगभग 25 सेमी म 22 सेमी आकार का गोलाकार नीला Contusion पाया गया

दाहिने हाथ के चारों ओर गोलाकार चोट के निशान पाए गए बाएं कान से रक्तस्राव मिला चेस्ट और पेट के बाईं ओर गहरे दबाव/घर्षण के निशान पाए गए शरीर ने आंतरिक चोट की डिटेल्स मस्तिष्क के मध्य और बाईं ओर हेमेटोमा (रक्त का थक्का) पाया गया तिल्ली (Spleen) फटी हुई पाई गईबाईं किडनी पीली अवस्था में पाई गईहृदय के चैम्बर खाली पाए गए शरीर के विभिन्न भागों में रक्तस्राव (ब्लीडिंग) पाया गया विसरा संबंधी रिपोर्ट को अभी सुरक्षित कर परीक्षण हेतु भेजा गया है। विषैले पदार्थ (Toxic Material) की जांच के लिए विसरा संरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है।

निष्कर्ष-पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में साफ लिखा है कि शरीर पर पाई गई अनेक गंभीर बाहरी और आंतरिक चोटें, खासकर मस्तिष्क में हेमेटोमा और तिल्ली का फटना, मौत का कारण गंभीर आघात (ञ्रह्ड्डह्वद्वड्ड) को दर्शाता है।

ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप दीपिका की मौत को लेकर परिवार ने पहले ही संदेह जताया है। जबकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के 7 लोगों पर मारपीट कर छत से फेंककर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# 'मेरे पापा दूल्हा बनकर आ रहे हैं.', दूसरी शादी करने चला था, मासूम बेटी ने खोली पोल तो दुल्हन के सामने लगा गिड़गिड़ाने?

( यंग भारत न्यूज )

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से एक बेहद ही फिल्मी घटनाक्रम सामने आया है. यहां दो बच्चों के पिता ने पहली पत्नी को धोखे में रखकर गुपचुप तरीके से दूसरी शादी करने की कोशिश की.

मगर दूल्हे की अपनी ही बेटी ने उसकी ये कोशिश नाकाम कर दी. बारात रवाना होने से कुछ समय पहले दूल्हे की मासूम बेटी ने सूझबूझ दिखाते हुए वधू पक्ष को फोन घुमा दिया. फिर रोते हुए अपने पिता की असलियत उजागर कर दी.



बच्ची के शब्दों में कहा जो दूल्हा बनकर आपके यहां आ रहा है, वो मेरे पापा हैं. दो बच्चों के पिता हैं वो. इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद दुल्हन के घर में शादी की खुशियां पल भर में मातम और हंगामे में बदल गईं. वधू पक्ष ने तुरंत शादी की रस्में रोक दीं और पूरा मामला पुलिस के पास पहुंच गया. धोखाधड़ी के इस मामले को बढ़ता देख सामाजिक संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में एक आपातकालीन पंचायत बुलाई गई. पंचायत ने आरोपी पिता की इस घोर अनैतिक और सामाजिक रूप से निंदनीय हरकत पर कड़ा रुख अपनाया है.

सूत्रों की मानें तो पंचायत ने दुल्हन पक्ष के मानसम्मान को ठेस पहुंचाने और शादी की तैयारियों में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए दूल्हे पर 5.20 लाख रुपये का भारीभरकम जुर्माना ठोक दिया गया है. जिससे दूसरी शादी के सपने देख रहे शख्स को न सिर्फ सामाजिक बदनामी झेलनी पड़ी बल्कि भारी आर्थिक चपत भी लगी है. ठाकुरद्वारा कोतवाली इलाके के आने वाले एक गांव का है, जहां रामपुर के स्वार इलाके से एक बारात आनी तय हुई थी. वधू पक्ष के घर में विवाह पूर्व की रस्में हर्षोल्लास के साथ पूरी की जा रही थीं कि तभी अचानक दुल्हन के परिजनों के मोबाइल पर स्वार से एक अज्ञात बच्ची का फोन आया था. बच्ची ने रोते बिलखते हुए बताया कि जिस युवक से वे निकाह करने जा रहे हैं, वह कोई कुंवारा नहीं बल्कि दो बच्चों का पिता है. वह उत्तराखंड के हल्द्वानी में खराद मशीन का काम करता था और वहीं उसने उसकी मां से पहला निकाह कोर्ट मैरिज के जरिए किया था. बच्ची ने सिर्फ दावा ही नहीं किया, बल्कि वाट्सएप पर पहली शादी के कानूनी दस्तावेज और निकाहनामा भी भेजकर अपनी बात को पूरी तरह सच साबित कर दिया है. सुबह होते ही वधू पक्ष के लोग सबूतों के साथ ठाकुरद्वारा कोतवाली पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई गई थी. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन दूल्हा पक्ष को थाने तलब कर लिया. कानूनी पचड़े और जेल जाने के डर से दोनों पक्षों की सहमति पर नगर पालिका परिसर में एक बड़ी पंचायत बुलाई गई. जब पंचायत के सामने बच्ची द्वारा भेजे गए दस्तावेजी साक्ष्य रखे गए तो दूल्हे की सारी हेकड़ी रफूचक्कर हो गई. वह हाथ जोड़कर रोने लगा. सूत्रों का दावा है कि पंचायत ने लड़की पक्ष के खर्चों और मानसिक उत्पीड़न का आकलन कर पांच लाख रुपये हर्जाना और समाज में नजीर पेश करने के लिए बीस हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया गया है. दूल्हा पक्ष द्वारा लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति मिली है.

# भारतीय जनता पार्टी एक सामाजिक दल हैः अनुराग शर्मा

## भाजपा का दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन





( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला द्वारा आयोजित पैरामेडिकल कॉलेज में पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस उद्घाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय, जिनेन्द्र जैन ने दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित के साथ शुभारंभ किया। पंचम सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, एवं हर्ष द्विवेदी ने 'मीडिया प्रबंधन' विषय पर कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया, जनसंपर्क एवं संगठन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के प्रभावी तरीकों के बारे में बताया।अध्यक्षता किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने की। षष्टम सत्र में वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय ने व्यावहारिक सत्र मीडिया प्रबंधन सोशल मीडिया भाषण कला, दीवार लेखन, पोस्टर, मेंकिग कार्यालय ऑफिस एवं डाटा प्रबंधन के बारे में बताया। सप्तम सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय ने विचार परिवार के बारे में विस्तार से बताया अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री जिनेन्द्र जैन ने की। अष्टम सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे वैचारिक अधिष्ठान पर चर्चा की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने की। नवम सत्र में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास विकास के वारे में विस्तार से बताया अशोक राजपूत ने कहा कि भाजपा ने जनसंघ से जनता पार्टी से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का सफर तय किया है।आज भाजपा की कई राज्यों में सरकारें है भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केन्द्र में भी है।सत्र की अध्यक्षता मनीराम वर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने की। दसम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा महानगर झांसी के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि उपस्थित रहे।अध्यक्षता बरिष्ठ भाजपा नेता राघवेंद्र पाठक ने की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि ने बूथ प्रबन्धन, मन की बात, एवं स्थाई कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। समापन सत्र मे मुख्य वक्ता झांसी ललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा उपस्थित रहे अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा ने देश के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सामाजिक दल है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नमो एप पर सक्रिय रहने की अपील की। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि नमो एप का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए उस पर प्रतिदिन हमारी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी मिलती रहती है। आज आतंकवाद, ड्रग माफिया, संगठित अपराध, देश विरोधी गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया।महिला आरक्षण विल हमारा चुनावी मुद्दा नहीं है उनको हक दिलाना हमारा काम है महिला आरक्षण विल भाजपा फिर लायेगी उन्होंने कहा कि सपा बसपा जाति की राजनीति करती है भारतीय जनता पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है।समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है जिसमे बूथ का कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है।दो दिन से सभी कार्यकर्ताओं ने जो प्रशिक्षण लिया है यह प्रशिक्षण उनी प्रतिभा को निखारने का काम करेगा आने वाले समय मे आपको नेतृत्व करना है।आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते है कि आप सभी दो दिन यहां रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा रामनरेश तिवारी, महापौर बिहारी लाल आर्य, एम एल सी रमा निरंजन, गरौठा बिधायक जवाहरलाल राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ जगदीश सिंह चौहान, पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे,वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गिरी, जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, छत्रपाल सिंह राजपूत, डॉ अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, निवर्तमान जिला महामंत्री अरूण सिंह, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी, गुड्डी रानी पटेल, वीरेंद्र नायक, अमित चौरसिया, नेहिल सिंघई,सतेन्द्र खरे,यशोदा कुशवाहा, हाकिम सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र तिवारी,दीपक त्रिपाठी, केशव सिंह परिहार प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बामौर,रामजी परिहार, चन्द्रभान सिंह अहिरवार ब्लॉक प्रमुख बामौर, आनंद कुमारी, रूचि खरे,सरोज दुबे , अंजली शर्मा,प्रकाश नारायण,रोहित परिहार, राघवेन्द्र सिंह बुन्देला, पुष्पेंद्र दुबे, हरगोविंद निरंजन, अशोक दुबे, रामाकांत राजपूत, प्रकाश अड़जरिया, केशवेन्द्र सिंह, शत्रुघन सिंह परिहार, अबधेश सिंह फौजी, लाखन सिंह अस्ता, आदि उपस्थित रहे।

# जी आई सी में एपेक्स कार्य का किया लोकार्पण

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कॉलेज रक्सा, में आज झांसी-ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्पोरेट सोसियल रिस्पांसबिल्टी के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में 1235 स्क्वायर मीटर एपेक्स लगाये जाने के फलस्वरूप उक्त कार्य का लोकार्पण मनोज कुमार (प्रोजेक्ट डायरेक्टर, प्रदीप कुमार (प्रोजेक्ट हेड झांसी-ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड) व श्रीमती रती वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, झांसी द्वारा किया गया।



इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक व विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों को अलंकरण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ब्रजमोहन सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के हित में कराये गये कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल का फूटा गुस्सा

## 21 मई को निकलेगा विशाल मशाल जुलूस, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** जिले में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था, स्मार्ट मीटरों में कथित गड़बड़ी, जल जीवन मिशन के कार्यों से उखड़ी सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली तथा अतिक्रमण अभियान को लेकर उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल (रजि.) ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले दो वर्षों से प्रदेश में स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड मोड में किए जाने को लेकर व्यापक विरोध हुआ। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों के नाम पर प्रदेश के उपभोक्ताओं से 200 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई, लेकिन अब तक धन वापसी या समायोजन को लेकर शासन की ओर से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। संगठन ने स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच अधिकृत लैब से कराने तथा प्रदेश में स्मार्ट मीटरों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए जाने की मांग की। व्यापार मंडल ने जनपद में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर भी तीखा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन में कहा गया कि भीषण गर्मी के बीच नगरों, कस्बों और गांवों में कई स्थानों पर मात्र 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज से आम नागरिकों और उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। चंदेरा इंडस्ट्रियल एरिया के लिए स्वतंत्र औद्योगिक फीडर की मांग भी दोहराई गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नगर की सड़कों और गलियों में खोदाई कार्य को लेकर भी व्यापारियों ने नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा गया कि पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं होने से नागरिकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात से पहले सभी मार्गों की मरम्मत और निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की गई। अतिक्रमण अभियान को लेकर भी व्यापार मंडल ने प्रशासन पर सवाल उठाए। संगठन का कहना है कि छोटे व्यापारियों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए तथा अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा कब्जा न हो, इसके लिए स्थायी कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही स्टेशन रोड, मवेशी बाजार, नवीन गल्ला मंडी और पानी की टंकी सहित प्रमुख मार्गों पर बनी चौड़ी नालियों को ढकने की मांग नगर पालिका से की गई। ज्ञापन में मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी चिंता जताई गई। व्यापार मंडल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद बेहतर इलाज की उम्मीद थी, लेकिन आज भी मरीजों को बाहर रेफर किया जा रहा है। हृदय रोग और शुगर रोग विशेषज्ञों सहित बेहतर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग शासन से की गई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में जिला बंद जैसे बड़े आंदोलन का निर्णय लिया जा सकता है। व्यापार मंडल ने घोषणा की कि बिजली समस्याओं को लेकर आगामी 21 मई 2026 को शाम 7 बजे कृष्णा सिनेमा से बिजली विभाग कार्यालय तक विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, महेश जैन, अनिल अंचल, डा.प्रीतम सराफ, नवीन सिंघई., अशोक अनौरा, एड.महेश सतभैया, संजीव जैन, मुकेश जैन, नितेश रानू, आलोक मयूर, अंकित सतभैया, मनोज सोनी मज्जू, अभिरंत जैन, मनोज चौधरी, अरविंद जैन, अखिलेश चौधरी, विनोद जैन, ओमप्रकाश सोनी, मनीष जैन, पवन दुआ, स्वप्निल नायक, वीरेंद्र जैन, जयनारायण शर्मा, ज्ञानप्रकाश खंडेलवाल, उदयभान सिंह यादव, सुमित जैन, अजय जैन, देवेंद्र जैन, रामप्रकाश साहू, शिवम गुप्ता, आयुष सराफ, संजय कुर्मी, दीपक चौधरी, एड.संजय दीक्षित, लवली शर्मा, मुलायम सिंह यादव सहित सैकड़ों व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## बानपुर पुलिस ने सर्विलांस और साक्ष्यों के आधार पर की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** थाना बानपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की। एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बानपुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 105/2026 धारा 61(2), 352, 108 बीएनएस में वांछित आरोपी दयाराम तथा शीला को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उसके भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर थाना बानपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल सर्विलांस के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी अरुण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विकास यादव, उपनिरीक्षक सर्वेश सिंह तथा महिला कांस्टेबल अंजना शर्मा शामिल रहे।

# संविदा कर्मियों ने अवर अभियंता पर लगाया शोषण और अभद्रता का आरोप

## कार्रवाई की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** विद्युत वितरण खण्ड प्रथम में तैनात अवर अभियंता पर संविदा कर्मियों के शोषण एवं अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बांसी एवं जखौरा 33 केवी बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुमित सुनौरिया द्वारा संविदा कर्मियों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले लगभग 10 माह से मनमाने तरीके से कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है तथा साथी कर्मचारियों के माध्यम से दबाव बनाकर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कराने का प्रयास किया जाता है। विरोध करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है। संविदा कर्मियों ने आरोप लगाया कि लगातार मानसिक उत्पीडन् के कारण कर्मचारी तनाव में हैं। ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों को दिन-रात मेहनत करने के बावजूद सम्मान नहीं मिल रहा है। साथ ही आरोप लगाया गया कि संविदा कर्मचारियों से 18 घंटे तक लगातार 33 केवी लाइन पर पोल पर चढ़कर कार्य कराया जाता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जिले के समस्त संविदा कर्मचारी अवर अभियंता के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेंगे तथा जिला प्रशासन को शिकायत कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। ज्ञापन के माध्यम से अधिशासी अभियंता से अवर अभियंता के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपाध्यक्ष अभिनाश पाठक, सदस्य नि.सं. कर्मचारी संघ अब्दुल हक (संविदा कर्मी), जगभान, इन्द्रपाल, कालूराम, सुरेश, सुनील, बबलू, राजकुमार शर्मा, दिनेश, जगभान सिंह, आनन्द सिंह के अलावा संगठन के पदाधिकारी एवं संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपना दल (एस) का कुनबा बढ़ा, एड.हरनारायण पाल बने जिला उपाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए अपना दल (एस) ने जिले में संगठन विस्तार की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में अनुभवी अधिवक्ता हरनारायण पाल को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मिशन 2027 को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला महासचिव सोहनलाल निरंजन ने कहा कि पार्टी अब बूथ जीतो-चुनाव जीतो की रणनीति पर कार्य कर रही है। इसके तहत हर बूथ लेवल एजेंट के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा और नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि जमीनी फीडबैक के आधार पर संगठन को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पार्टी गांव और मोहल्ला स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय कमेटियां गठित कर रही है। एड.हरनारायण पाल के जुडने् से पार्टी को जिले के प्रबुद्ध वर्ग और पाल समाज में मजबूती मिलने की उम्मीद है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष हरनारायण पाल ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर खुशी जाहिर की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए संगठन अब पूरी तरह चुनावी मोड में कार्य करेगा।

# लो वोल्टेज और बिजली संकट से परेशान वार्डवासी, पार्षद ने डीएम से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** शहर के वार्ड नंबर-16 आजादपुरा प्रथम में लगातार लो वोल्टेज और बाधित विद्युत आपूर्ति से परेशान लोगों की समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में पार्षद ने बताया कि पिछले करीब दो माह से वार्ड में बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। क्षेत्र में अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि राजपूत कॉलोनी, करीम नगर तथा देहरे मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के निवासी सबसे अधिक प्रभावित हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की खराब स्थिति के कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। पार्षद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्युत विभाग को तत्काल निर्देशित कर वार्ड में समुचित और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# क्षत्रिय महासभा की शोक सभा आयोजित

**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक शोक सभा फोरलेन स्थित संगठन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा में समाज के विभिन्न लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभा में खोंखरा निवासी केहर सिंह परमार के ज्येष्ठ पुत्र भानुप्रताप सिंह टुंडू राजा के आकस्मिक निधन, इंजी.संदीप सिंह हसेरा मड़ावरा के पूजनीय पिता राजेंद्र सिंह हसेरा के निधन तथा पूरन सिंह परमार निवासी सेरवास कला के पूजनीय पिता एवं ग्राम मुखिया केहर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रताप सिंह, मुन्नासिंह चौहान, मुलायम सिंह बैंस, राघवेंद्र सिंह, भगवत सिंह बैंस, जगदीश सिंह परमार, जयहिंद सिंह, भूपेंद्र सिंह, भरतसिंह चौहान, अमरसिंह तोमर, बॉबी राजा, चंद्रपाल सिंह परमार, यशपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह परमार, जयसिंह, शेरसिंह परमार, अजय प्रताप सिंह, जीतू राजा, नारायण सिंह सेंगर, भोले राजा, देवेंद्र सिंह, अखंड प्रताप, देवेंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, पुष्पेंद्र सिंह परमार, अरविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राजा बुंदेला, सूर्यप्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह पवार, रामप्रताप सिंह, अमित परमार, ताहर सिंह परमार, शिवकरण सिंह तोमर, प्रदीप सिंह, सत्तू राजा, अजित सिंह, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, रोहित राजा, आकाश चौहान, अजय राजा, रवि राजा, गोलू राजा एवं चंचल राजा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी दुल्हन बनकर करती थीं शादी, फिर नशीला खाना खिलाकर लूट लेती थीं घर

( यंग भारत न्यूज )



**ललितपुर।** बार थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो शादी के नाम पर लोगों को अपना शिकार बनाता था। गिरोह की महिलाएं पहले खुद को कुंवारी बताकर युवकों से शादी करती थीं, फिर शादी के कुछ दिन बाद परिवार को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाती थीं। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन सहित करीब 5 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है। पूरे ऑपरेशन को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अंजाम दिया गया। कार्रवाई एएसपी कालू सिंह और सीओ तालबेहट आशीष मिश्र की निगरानी में थाना बार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

ऐसे रची गई पूरी साजिश

पुलिस के अनुसार थाना बार क्षेत्र निवासी रहीश लोधी की शादी नहीं हो पा रही थी। इसी का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य उसके संपर्क में आए। आरोपियों ने शादी कराने का भरोसा दिलाया और अपनी ही गैंग की महिला सदस्य पूजा गौतम को रागिनी नाम बताकर रहीश से मिलवाया। 11 मई 2026 को ललितपुर कचहरी में फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए दोनों की शादी करा दी गई। शादी के बाद महिला रहीश के गांव मर्रौली, थाना बार पहुंच गई और परिवार के साथ रहने लगी। पुलिस के मुताबिक 13/14 मई की रात आरोपी महिला ने योजनाबद्ध तरीके से परिवार के भोजन में नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाते ही परिवार के लोग बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी महिला घर में रखी ज्वैलरी, नकदी और कीमती सामान समेटकर बाहर निकली, जहां पहले से मौजूद गिरोह के सदस्य उसे लेकर फरार हो गए।

सुबह होश आने पर परिवार को ठगी और चोरी का पता चला, जिसके बाद थाना बार में मुकदमा दर्ज कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तीन विशेष टीमें गठित कीं। थाना बार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह पहले भी कई जिलों और राज्यों में इसी तरह की वारदातें कर चुके हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग ऐसे लड़कों को तलाशते हैं जिनकी शादी नहीं हो रही होती। फिर रिश्ते का झांसा देकर अपनी ही महिलाओं से शादी करा देते हैं। शादी के बाद मौका मिलते ही खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर देते हैं और जेवर-नकदी लेकर फरार हो जाते हैं। आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि चोरी के बाद ज्वैलरी और नकदी को आपस में बांट लिया जाता था। पूरे प्रकरण के दौरान थाना जखौरा के ग्राम ननौरा निवासी उदयभान पुत्र जाहर लोधी, जिला प्रतापगढ़ के थाना महेशगंज अंतर्गत राजापुर बीधन निवासी पूजा गौतम पत्नी विजय, विजय कुमार पुत्र राम खिलावन व दिनेश कुमार पुत्र जगन्नाथ, जिला सोनभद्र के थाना रोबर्टसगंज के रोप सहिजन कलना निवासी बजैन्ती देवी पत्नी स्व.सूर्यप्रताप, वन्दना व आरती पुत्री स्व.सूर्यप्रताप, जिला जौनपुर के ग्राम चौरे बेहरा निवासी किरण पाल पुत्री रामबहल पाल बताये गये हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6730 नकद, 01 करधनी, 02 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी पायल, 01 टिक्का, मंगलसूत्र, 01 बड़ा लॉकेट, 04 छोटे लॉकेट, 08 मूंगे, 07 मोबाइल फोन (05 स्मार्टफोन व 02 कीपैड फोन) बरामद किए हैं। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718